**02/01**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

रिपीलिंग एंड अमेंडिंग एक्ट, 2025, संसद के हाल ही में खत्म हुए शीतकालीन सत्र में पास किया गया। इस एक्ट का मकसद पुराने और बेकार कानूनों को खत्म करके और मौजूदा कुछ कानूनों में खास बदलाव करके देश के कानूनी ढांचे को आसान बनाना है। इस एक्ट के तहत, अट्ठारह सौ छियासी से दो हजार तेईस तक के इकहत्तर पुराने एक्ट्स को खत्म कर दिया गया है जो बेकार थे और अब कानून की किताबों में प्रासंगिक नहीं थे। चार मुख्य कानूनों, जिनमें कोड ऑफ़ सिविल प्रोसीजर, जनरल क्लॉज़ेज़ एक्ट, सक्सेशन एक्ट और डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट शामिल हैं, में भी इस एक्ट के तहत बदलाव किए गए हैं ताकि कानून को ज़्यादा साफ़ और आज के प्रशासन के हिसाब से बनाया जा सके।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनायक से लोकभवन में मुलाखात की। मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य जलविद्‌युत और पर्यटन को राज्य के प्रगति की चार पहिया कहते हुए प्रदेश के संतुलन और समावेशी प्रगति के व्यापक दृष्टिकोण को साझा किया। भविष्य में निवेश के महत्व पर बल देते हुए उसने युवाओं के विकास और क्षमता निर्माण पर भी जोर देते हुए इसे विकसित भारत @ दो हजार सैतालीस के राष्ट्रीय आकांक्षा के साथ जोड़ने को कहा।

इस अवसर पर राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति और रक्षा प्रमुख के साथ हाल ही में हुए मुलाकात के बारे में मुख्यमंत्री से साझा किया।

0000000000000000000000

मुख्यसचिव मनिष कुमार गुप्ता ने पंद्रहवीं सिनियर ऑफिसर बैठक की आज अध्यक्षता की। बैठक में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता परियोजना, सुधार आधारित पहल और उपयोग प्रमाणपत्र (UPS), पर्यटन संपत्तियों के अप्रयुक्त उपयोग, ESRI GIS सोफ्ट्वेर कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन, मुख्य सेक्टरों जैसे (IT और NASDAQ में निवेश के पहलों पर समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान समय पर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने, चुनौतियों को पूरी सक्रियता से समाधान दूंढ़ने और सभी पहलो पर जवाबदेहीं बनाए रखने के वास्ते वरिष्ठ अधिकारियों से मासिक प्रगति समीक्षा लेने को कहा।

0000000000000000000

पासीघाट विधायक तापी दारांग और पासीघाट वार्ड नंबर 3 के काउंसिलर ओयोन योमसो पाबीन सहित स्थानीय लिडरो ने आज पासीघाट सब्जी मंडी का दौरा किया। गौरतलब है कि हाल ही में इस क्षेत्र में आग दुर्घटना के कारण कई दुकानों को नुकसान पहुंचा था। भविष्य में ऐसी अनहोनी को रोकने और दुर्घटना क्षेत्र को पवित्र और सुरक्षित रखने के लिए स्थानीय अनुष्ठान “कोजिंग गेकपाक नाम” भी किया गया। दौरे के दौरान विधायक दारांग ने पासीघाट नगर निगम द्वारा मलबो का ढेर को हटाने और साफ करने में सहयोग के लिए सराहना की।

आगे विधायक ने सहानुभूति प्रकट करते हुए सभी से खासकर व्यापारियों और दुकानदारों से जरुरी अग्नि सुरक्षा उपाय का पालन करने को कहा।

0000000000000000000

लोक भवन ईटानगर के जनरल विपिन रावत हॉल में आगामी छह जनवरी को विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनायक भी भाग लेंगे।

0000000000000000000

उन्नीस सौ बासठ की वालॉन्ग की लड़ाई में बहादुर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को सम्मान देने के लिए, स्पीयर कॉर्प्स के सैनिकों ने अरुणाचल प्रदेश के अंजाव जिले के किबिथू में नायक बहादुर सिंह, वीर चक्र वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस टूर्नामेंट में अंजाव जिले की कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। दाओ डिवीजन के सीनियर मिलिट्री अधिकारियों ने फाइनल देखा और विजेताओं को सम्मानित किया।

00000000000000000000

ईटानगर के मौसम विज्ञान केंद्र ने अनुमान लगाया है कि राज्य के ईस्ट कामेंग, पाक्के केसांग, लोअर सुबनसिरी, वेस्ट सियांग, ईस्ट सियांग, लेपा राडा, लोहित और चांगलांग जिलों में कुछ जगहों पर घना कोहरा छाने की बहुत ज़्यादा संभावना है।

इसके अलावा, कुछ जगहों पर हल्की बारिश होने की संभावना है और अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बर्फबारी होने की बहुत ज़्यादा संभावना है।

0000000000000000000000000

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए घरेलू LPG की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह सफाई मीडिया के कुछ हिस्सों में आई उन रिपोर्टों के बाद दी गई है, जिनमें कहा गया था कि कमर्शियल LPG सिलेंडर की कीमत एक सौ ग्यारह रुपये बढ़ा दी गई है।

0000000000000000000000

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने आज बताया कि WHO फार्माकोविजिलेंस में योगदान के मामले में भारत अब दुनिया में 8वें स्थान पर है, जबकि दस साल पहले यह एक सौ तेईसवें स्थान पर था। श्री नड्डा ने यह बात नई दिल्ली में दवाओं के मानकों की भारत की आधिकारिक किताब, इंडियन फार्माकोपिया 2026 के 10वें एडिशन को जारी करते हुए कही। श्री नड्डा ने आगे कहा कि भारत पहला देश है जिसने ब्लड कंपोनेंट्स को शामिल किया है। उन्होंने कहा कि नए मोनोग्राफ से नेशनल टीबी एलिमिनेशन प्रोग्राम, एनीमिया मुक्त भारत और यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम को सीधा फायदा होगा। श्री नड्डा ने कहा कि इंडियन फार्माकोपिया को अब उन्नीस ग्लोबल साउथ देशों में मान्यता मिल गई है।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेषों की एक भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि अट्ठारह सौ अट्ठानवें में खोजे गए पिपरहवा अवशेष शुरुआती बौद्ध धर्म के पुरातात्विक अध्ययन में एक केंद्रीय स्थान रखते हैं। यह प्रदर्शनी नई दिल्ली के राय पिथौरा कल्चरल कॉम्प्लेक्स में आयोजित की जाएगी।

0000000000000000000